वार्षिक रिपोर्ट

Annual Report

2015-16

Focus

Focused on the Fundamentals.

Centered on Solutions.

पंजाब नैशनल बैंक

...भरोसे का प्रतीक!

punjab national bank

...the name you can BANK upon!

श्रीमती उषा अनंतसुब्रह्मण्यन, प्रबन्ध निदेशक एवं सीईओ, पंजाब नैशनल बैंक भारत के राष्ट्रपति महोदय श्री प्रणब मुखर्जी को राष्ट्रपति भवन में कुष्ठ निवारण के सहायतार्थ चैक प्रदान करते हुए। इस अवसर पर श्री गौरी शंकर, श्री के वी ब्रह्माजी राव तथा डॉ आर एस संगापूरे, कार्यपालक निदेशकगण भी उपस्थित हैं।

Smt. Usha Ananthasubramanian, Managing Director & CEO, Punjab National Bank presenting a cheque to Hon'ble President of India, Shri Pranab Mukherjee at Rashtrapati Bhawan as a helping hand towards eradication of leprosy. Shri Gauri Shankar, Shri K V Brahmaji Rao and Dr. R S Sangapure, Executive Directors were also present on the occasion.

श्रीमती उषा अनंतसुब्रह्मण्यन, प्रबन्ध निदेशक एवं सीईओ, श्री राजनाथ सिंह, माननीय केंद्रीय गृह मंत्री से हरियाणा के गवर्नर महामहिम प्रो. एस. सोलंकी तथा भारत में हरित क्रांति के प्रवर्तक प्रो. एम. एस. स्वामीनाथन, अध्यक्ष, एग्रीकल्चर लीडरशिप एवार्ड कमेटी की उपस्थिति में बैंकिंग नेतृत्व के अंतर्गत एग्रीकल्चर लीडरशिप पुरस्कार 2015 प्राप्त करते हुए।

Smt. Usha Ananthasubramanian, Managing Director & CEO receiving Agriculture Leadership Award 2015 under the Banking Leadership from Honorable Union Home Minister, Shri Rajnath Singh in the presence of his Excellency Governor of Haryana, Prof.K S Solanki & Pioneer of India's Green Revolution, Prof. MS Swaminathan, Chairman, Agriculture Leadership Awards Committee.

प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी की डेस्क से

From the Managing Director & CEO's Desk

प्रिय शेयरधारको,

वित्तीय वर्ष 2015–16 (वित्तीय वर्ष 2016) के दौरान आपके बैंक के प्रदर्शन के मुख्य अंश को आपके सामने प्रस्तुत करते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है।

वर्ष 2015–16 के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था में अस्थिरता तथा अनिश्चतता के मध्य भारत की स्थिति सकारात्मक बनी हुई है। वृद्धि के नए उपाय के अनुसार केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2015 के लिए 7.1% के विरुद्ध वित्तीय वर्ष 2016 हेतु आधार मूल्य में सकल मूल्य संवर्धित (जीवीए) 7.3% अनुमानित था। उद्योग में मूल्य संवर्धन में वित्तीय वर्ष 2016 की दूसरी छमाही में तेजी आई, जिसे विनिर्माण से बढ़त प्राप्त हुई जो इनपुट में निरंतर नरमी से लाभान्वित हुआ। तथापि वित्तीय वर्ष 2016 में औद्योगिक उत्पादन, विनिर्माण आउटपुट के साथ नकारात्मक या कोई भी वृद्धि न दर्ज करते हुए समान रहा। मुद्रास्फीति पक्ष पर, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक द्वारा मूल्यांकित रिटेल मुद्रास्फीति विनियामक द्वारा स्थापित अनुमानित सीमा के साथ बढ़ी है। मार्च 2016 के दौरान खाद्य वस्तुओं के कम मुद्रास्फीति के कारण सीपीआई मुद्रास्फीति तेजी से गिरते हुए 4.8% तक पहुंचा। इसके कारण वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान रेपो दर में 75 आधार अंकों (बीपीएस) की कटौती हुई थी। ये उपाय देश में आर्थिक विकास और निवेश को बढ़ावा देने के लिए किए गए।

आर्थिक परिस्थितियों में सुधार के बावजूद वित्तीय वर्ष 2016 में बैंकिंग क्षेत्र चुनौतीपूर्ण समय का साक्षी रहा है। औद्योगिक और कॉरपोरेट गतिविधियों की मंद गति के कारण ऋण मांग में कम वृद्धि हुई। अतः वित्तीय वर्ष 2016 की पहली छमाही के दौरान बैंकिंग क्षेत्र से ऋण की मांग नियंत्रित रही एवं वित्तीय वर्ष 2016 की दूसरी छमाही में लगभग 11% तक का मामूली सुधार हुआ। तथापि, जमाराशि में वृद्धि ऋण वृद्धि की तुलना में कम रहा जिससे बैंकिंग प्रणाली में तरलता की कमी हुई।

बैंकों विशेषकर सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों के लिए दूसरी चुनौती, लाभ मार्जिन में गिरावट तथा कॉर्पोरेट क्षेत्र के ऋण पुनर्भुगतान के क्षमताओं को बाधित होने की वजह से बढ़ती हुई दबावग्रस्त आस्तियां थी। इसके परिणामस्वरूप खराब ऋणों के लिए

Dear Shareholders,

It gives me great pleasure to place before you the highlights of your Bank's performance during the financial year 2015-16 (FY'16).

During the year 2015-16, amid the volatilities and uncertainties in the global economy, India remained a bright spot. As per the new measure of growth, the Gross Value Added (GVA) at basic prices was estimated at 7.3% for FY'16 as against 7.1% for FY'15 by Central Statistics Office. The value added in industry accelerated in second half of FY'16, led by manufacturing which benefitted from the sustained softness in input costs. However, industrial production remained flat with manufacturing output recording negative or no growth in FY'16. On the Inflation side, Retail Inflation measured by the Consumer Price Index (CPI) has moved along the projected trajectory set by the Regulator. The CPI Inflation dropped sharply to 4.8% in March'16 due to lower food inflation. Owing to this, there was a cut of 75 basis points (bps) in the Repo Rate during FY'16. This measure was taken to boost economic growth and investment in the country.

Notwithstanding the improvement on economic front, the banking sector witnessed challenging times in FY'16. Credit growth was weighed down by weak demand due to sluggish industrial and corporate activity. Hence, the credit off-take from the banking sector remained subdued during the first half of FY'16 improving marginally to around 11% in the second half of FY'16. However, the deposit growth was much lower than the credit growth which led to the liquidity shortage in the banking system.

Another challenge for banks, particularly Public Sector Banks (PSBs) was ballooning stressed assets due to falling profit margins and constrained debt repayment capabilities of the corporate sector. As a result of this, provisions for impaired loans

प्रावधानों में इजाफा हुआ जिसने बैंकों के लाभ–हानि मानदंडों को प्रभावित किया। इसके अतिरिक्त कठोर बेसल–III मानदंड पूंजी मानदंडों, उच्च प्रावधानों, मुनाफे में कमी को देखते हुए पूंजी संरक्षण तथा पूंजी का उचित उपयोग करना, बैंकों के लिए महत्वपूर्ण चुनौती बन गया।

वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान पीएनबी का कार्य निष्पादन

वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान अस्थिर परिचालन वातावरण के मध्य पंजाब नैशनल बैंक के प्रदर्शन ने बैंक की बुनियादी शक्ति का प्रदर्शन किया। आपके बैंक ने लचीलेपन को दर्शाया है तथा देश के उभरती बैंकिंग परिदृश्य में प्रतिस्पर्धी लाभ लेने के लिए बैंक की शाखाओं के विशाल नेटवर्क के माध्यम से कारोबार में वृद्धि का लक्ष्य रखा है। इस दिशा में आपके बैंक ने **'इन्द्रधनुष'** नाम से एक नई रणनीतिक दृष्टिकोण क्रियान्वित किया है जो भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में बढ़ती हुई प्रतिस्पर्धा का सामना करने में बैंक को अनुकूल बनाने तथा सफल होने के लिए सात प्राथमिकता क्षेत्रों की रुपरेखा तैयार करता है। ये सात प्राथमिकता क्षेत्र है– व्यक्ति का विकास, कासा व खुदरा कारोबार में वृद्धि करना, ऋण वृद्धि के माध्यम से सीडी अनुपात में सुधार करना, एनपीए प्रबंधन, ग्राहक सेवा में सुधार करना, डिजिटल पीएनबी तथा आय बढ़ाना एवं व्यय नियंत्रित करना। बैंक ने इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

आपका बैंक अधिकतम घरेलू कारोबार, घरेलू जमाराशियों, घरेलू अग्रिमों, कासा जमाराशियों, बचत जमाराशियों और परिचालन लाभों के साथ राष्ट्रीयकृत बैंकों के मध्य **'घरेलू स्तर पर सबसे बड़े बैंक'** के रूप में लगातार बना रहा है। आपके बैंक की महत्वपूर्ण स्थिति यह दर्शाती है कि आपका बैंक 6759 शाखाओं के विशाल नेटवर्क के साथ लाखों ग्राहकों की दैनिक बैंकिंग आवश्यकताओं को कितनी अच्छी तरह से पूरा कर रहा है।

वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान बैंक ने **कई कीर्तिमान पार किए** यथा **₹ 9.65 लाख करोड़ का वैश्विक कारोबार, ₹ 8.50 लाख करोड़ का घरेलू कारोबार, ₹ 5.50 लाख करोड़ की वैश्विक जमाराशियां, ₹ 4.00 लाख करोड़ के निवल अग्रिम, ₹ 2.00 लाख करोड़ की कासा जमाराशियां तथा ₹ 12,000 करोड़ का परिचालन लाभ।** यद्यपि एनपीए के उच्च प्रावधानों के कारण वित्तीय वर्ष 2016 में बैंक को ₹ 3974 करोड़ की शुद्ध हानि हुई।

वित्तीय वर्ष 2016 के हमारे मुख्य कार्यनिष्पादन के कुछ अंश आपके साथ साझा करना चाहूंगी।

- 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार बैंक का वैश्विक कारोबार वर्ष दर वर्ष 9.5% वृद्धि दर्ज करता हुआ ₹ 9.65 लाख करोड़ तक पहुंचा।
- घरेलू कारोबार 9.2% से बढ़ा तथा 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार ₹ 8.53 लाख करोड़ तक पहुंचा।
- कम लागत वाली जमाराशियों पर लगातार ध्यान केन्द्रित करते हुए बैंक ने वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान ₹ 2,00,000 करोड़ के कीर्तिमान को प्राप्त किया। 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार कासा जमाराशियाँ वर्ष दर वर्ष आधार पर 11.9% से बढ़ी। यह वृद्धि, बचत जमा राशियां जो ₹ 1.69 लाख करोड़ (वर्ष दर वर्ष वृद्धि 12.8%) तक पहुंची एवं चालू जमाराशियां जो ₹ 36157 करोड़ (वर्ष दर वर्ष वृद्धि 7.7%) तक पहुंची, के द्वारा समर्थित थी।

have gone up which affected the bottom-line parameters of the banks. Apart from this, for banks, capital conservation and efficient utilization of capital has become an important challenge in view of stringent Basel –III capital norms, higher provisions and depleting profit.

PNB's Performance during FY'16

During FY'16, amidst the volatile operating environment, the performance of Punjab National Bank demonstrated the fundamental strength of the Bank. Your Bank displayed resilience and pursued the growth in business through the vast network of the Bank's branches to have competitive advantage in the evolving banking landscape of the country. Towards this, your Bank implemented a new strategic approach named **'Indradhanush'** which charts the seven priority areas for the Bank to adapt and thrive in the face of increased competition in the Indian banking space. These seven areas are People Development, Increase CASA & Retail Business, Improve CD Ratio through Credit Growth, NPA Management, Improve customer service, Digital PNB and Increase Income & Control Expenditure. The Bank made a significant progress in these areas.

Your Bank continued to be the **'Domestically largest Bank'** amongst Nationalized Banks with highest Domestic Business, Domestic Deposits, Domestic Advances, CASA Deposits, Savings Deposits and Operating Profit. The frontline position of your Bank reflects how well it is serving the everyday banking needs of millions of customers with largest network of 6759 branches.

During FY'16, the Bank has **crossed several landmarks** i.e., **₹ 9.65 lakh crore Global Business, ₹ 8.50 lakh crore Domestic Business, ₹ 5.50 lakh crore Global Deposits, ₹ 4.00 lakh crore Net Advances, ₹ 2.00 lakh crore CASA Deposits and ₹ 12,000 crore Operating Profit**. However, the Bank incurred Net Loss of ₹ 3974 crore in FY'16 due to high provisions for NPAs.

I would like to share with you some of our key performance highlights of FY'16:

- Global Business of the Bank reached ₹ 9.65 lakh crore registering a YoY growth of 9.5% as on 31st March'16.
- Domestic Business grew at 9.2% and touched ₹ 8.53 lakh crore as on 31st March'16.
- With continuous focus on the low cost deposits, the Bank has achieved the milestone of ₹ 2,00,000 crore during FY'16. CASA deposits grew by 11.9% on YoY basis as on 31st March'16. This growth was supported by the Saving Deposits which reached ₹ 1.69 lakh crore (YoY growth 12.8%) and Current Deposits which touched ₹ 36157 crore (YoY growth 7.7%).

- बैंक का निवल अग्रिम वर्ष दर वर्ष आधार पर 8.4% से बढकर ₹ 4.12 लाख करोड़ रहा। अग्रिमों के तहत घरेलू गैर खाद्य ऋण के लिए कम राशि वाले अग्रिमों यथा रिटेल, कृषि तथा एमएसएमई का शेयर मार्च 2015 के 55.6% से बढ़कर मार्च 2016 में 56.0% रहा।
- ग्राहक संबंधों को मजबूत करने हेतु तथा रिटेल क्षेत्रों के उत्पादों को बढाने हेतु सघन प्रयास ने बैंक को रिटेल क्रेडिट पोर्टफोलियो को बढ़ाने में सहायता की जो 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार ₹ 57801 करोड़ (वर्ष दर वर्ष वृद्धि 19.4%) तक पहुंचा।
- बॉटम लाइन मानदंडों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान बैंक का परिचालन लाभ ₹ 12216 करोड़ रहा जो राष्ट्रीयकृत बैंकों के मध्य सबसे अधिक है। वास्तव में राष्ट्रीयकृत बैंकों के मध्य पीएनबी एक मात्र बैंक है जिसका लगातार पांच वर्षों से परिचालन लाभ ₹ 10,000 करोड़ से अधिक रहा है। हालांकि एनपीए के लिए बढ़ी हुई प्रावधान आवश्यकताओं के परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2015 में ₹ 3062 करोड़ के शुद्ध लाभ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2016 में ₹ 3974 करोड़ की शुद्ध हानि हुई।
- प्रमुख वित्तीय अनुपातों के अनुसार बैंक की घरेलू निवल ब्याज मार्जिन वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान 2.95% रहा जो राष्ट्रीयकृत बैंकों के मध्य सबसे अधिक था। थोक जमाराशियों में कमी के कारण जमा राशियों की लागत वित्तीय वर्ष 2015 के 6.09% से घटकर वित्तीय वर्ष 2016 में 5.85% हो गई। इसके अतिरिक्त आय अनुपात की लागत वित्तीय वर्ष 2015 में 46.74% से सुधरकर वित्तीय वर्ष 2016 में 44.94% हुआ।
- बैंक विनियामक आवश्यकता से अधिक अपनी पूंजी पर्याप्तता अनुपात बनाए रखने हेतु सक्षम है। बैंक का सीआरएआर 11.28% पर रहा जिसमें 8.41% टियर-I का अनुपात तथा 2.87% टियर-II का अनुपात शामिल है।
- उम्मीद की गयी आर्थिक वृद्धि से कम आर्थिक वृद्धि तथा कमजोर बाह्य मांग के कारण कम लाभ हुए जिसने कॉर्पोरेट की ऋण पुनर्भुगतान की क्षमता को बाधित किया। इसके अतिरिक्त बैंक द्वारा दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान हेतु आयोजित गहन आस्ति गुणवत्ता समीक्षा से प्रावधान में वृद्धि हुई है। इसके परिणामस्वरूप बैंक का सकल एनपीए तथा निवल एनपीए 31.03.2016 में क्रमशः ₹ 55818 करोड़ तथा ₹ 35423 करोड़ रहा। अनुपात के मामले में, सकल एनपीए तथा शुद्ध एनपीए अनुपात क्रमशः 12.90% तथा 8.61% रहा।

आपके बैंक ने नए स्लिपेज को नियंत्रित करने हेतु अशोध्य ऋण की वसूली तथा पूरे कारोबार में ऋण पोर्टफोलियो की सक्रिय निगरानी पर ध्यान केन्द्रित किया। बैंक ने प्रधान कार्यालय में एक **'वार रूम'** बनाया है जिसमें चौबीस घंटे नियमित रूप से एनपीए की निगरानी की जाती है। बैंक ने वसूली में तेजी लाने के लिए अन्य कदम जैसे ऋण वसूली न्यायाधिकरण मामलों की निगरानी प्रणाली, सरफेसी टूल पोर्टल, डीआरटी मामलों की निगरानी के लिए ऑनलाइन पोर्टल, ई–नीलामी अभियान, प्रत्याभूत आस्तियों की बिक्री का मेगा अभियान–22.02.16 से 17.03.16 तक इत्यादि के रूप में भी उठाए।

डिजिटल लहर पर सवार : नई ऊंचाइयों तक डिजिटल नवोन्मेषों को ले जाना

एक सुसंगत बेहतर ग्राहक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए और ग्राहकों की

- Net Advances of the Bank at ₹ 4.12 lakh crore grew by 8.4% on YoY basis. Within Advances, the share of small ticket advances i.e., Retail, Agriculture and MSME to Domestic Non Food Credit increased from 55.6% in March'15 to 56.0% in March'16.
- The concerted effort to deepen customer relationships and broaden suite of products in retail segment has helped the Bank to increase the retail credit portfolio which touched ₹ 57801 crore (YoY growth 19.4%) as on 31st March'16.
- In terms of Bottom-line parameters, the Bank's Operating Profit at ₹ 12216 crore during FY'16 stood highest amongst Nationalized Banks. In fact, PNB is the only bank amongst nationalized banks to have Operating Profit over ₹ 10,000 crore for five consecutive years. However, the increased provisioning requirement for NPAs resulted into Net Loss of ₹ 3974 crore in FY'16 as compared to Net Profit of ₹ 3062 crore in FY'15.
- In terms of key financial ratios, the Bank's Domestic Net Interest Margin at 2.95% during FY'16 was one of the highest amongst nationalized banks. Due to reduction in bulk deposits, the Cost of Deposits moved southward from 6.09% in FY'15 to 5.85% in FY'16. Further, the Cost to Income ratio also improved from 46.74% in FY'15 to 44.94% in FY'16.
- The Bank has been able to maintain its Capital Adequacy Ratio above the regulatory requirement. The Bank's CRAR stood at 11.28% which constitutes Tier I ratio of 8.41% and Tier II ratio of 2.87%.
- The slower than expected economic growth and weak external demand resulted into thinner profitability which constrained the debt repayment capacity of corporate. Further, an intensive Asset Quality Review conducted to clean up the stressed assets by the banks led to increased provision. As a result, the Bank's Gross NPA and Net NPA stood at ₹ 55,818 crore and ₹ 35,423 crore, respectively as on 31st March'16. In terms of ratios, the Gross NPA and Net NPA ratio stood at 12.90% and 8.61%, respectively.

Your Bank laid specific focus on recovery of the bad debts to arrest the fresh slippages and proactive monitoring of loan portfolios across businesses. The Bank has created a **'War Room'** at Head Office wherein round the clock NPA monitoring is undertaken in a systematic manner. The Bank has also taken other steps such as Debt Recovery Tribunal Cases Monitoring System, SARFAESI tool Portal, Online Portal for monitoring of DRT Cases, e-auction campaign, Mega Campaign of Sale of Secured Assets-22.02.16 to 17.03.16, etc. to speed up recovery.

Riding the digital wave: Taking Digital Innovation to new heights

To ensure a consistently superior customer experience and to

बदलती अपेक्षाओं के साथ बेहतर तालमेल बिठाने के लिए आपके बैंक ने **'डिजिटल पीएनबी'** बनने हेतु डिजिटल परिवर्तन की शुरुआत की है। बैंकिंग अनुभव को अधिक रुचिकारक, अधिक सुविधाजनक और अधिक लाभदायक बनाने हेतु बैंक ने बहुत सारे नवीन डिजिटल उत्पादों और सेवाओं के साथ नए वर्ष 2016 का स्वागत किया है। शुभारंभ किए गए डिजिटल समाधान में एक विशिष्ट एप शामिल है जो ग्राहकों को न केवल पीएनबी एटीएम का पता लगाने में समर्थ करता है बल्कि **'पीएनबी एटीएम असिस्ट'** के साथ एटीएम से संबंधित शिकायतों को दर्ज करने में समर्थ करता है अन्य मोबाईल एप हैं– सिंगल टच बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध करने हेतु **'पीएनबी मोबीईज'**, इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग पासवर्ड निष्क्रिय करने के लिए और पुनः सक्षम करने हेतु **'पीएनबी स्लीप इजी'** और एसएमएस अनुरोध के माध्यम से डेबिट कार्ड के लिए शीघ्र डुप्लिकेट पिन प्राप्त करने हेतु ग्राहकों को समर्थ बनाने हेतु **'ग्रीन पिन'**। बैंक ने **9000 से अधिक एटीएम के विशाल नेटवर्क के माध्यम से मोबाइल बैंकिंग** के पंजीकरण हेतु सुविधा का प्रारम्भ किया है। वर्तमान में आपके बैंक के पास उद्योग की तुलनीय सर्वोत्तम सुविधाओं के साथ डिजिटल उत्पादों तथा सेवाओं का समूह है।

आज के डिजिटल विश्व में जहाँ ग्राहक अपनी उँगलियों पर बैंकिंग के लाभों का आनन्द लेता है वहीं आपके बैंक ने **ऑनलाइन पीपीएफ तथा आरडी खाते खोलने की सुविधा** की शुरुआत की है। इसके अतिरिक्त बैंक ने कॉर्पोरेट वेबसाइट के माध्यम से भारत में कहीं भी **ऑनलाइन लॉकर सुविधा की बुकिंग** का भी शुभारंभ किया है। **"भारत में कहीं भी–अपने लॉकर बुक करने"** की पहल के माध्यम से ग्राहक इसके लिए नगर वार, शाखा वार खाली लॉकर की स्थिति के बारे में पता कर सकते हैं तथा उपलब्धता के मामले में भारत में कहीं भी इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान आपके बैंक ने सोशल मीडिया पर **"ब्रांड पीएनबी"** को सुदृढ़ करने तथा ग्राहकों को लागत प्रभावी ढंग से जोड़ने के उद्देश्य से सोशल नेटवर्किंग साईट यथा ट्विटर और लिंक्डइन पर अधिकारिक शुभारंभ किया है। आगे बढ़ते हुए, आपके बैंक ने ग्राहकों को नई सुविधाओं और सेवाओं के माध्यम से भविष्य में बैंकिंग के सबसे अच्छे अनुभव देने हेतु अवसर प्रदान करने का प्रयास किया।

परिचालन उत्कृष्टता प्राप्त करने के प्रयास में, आपका बैंक 4 नोड एक्टिव आरएसी (रियल एप्लीकेशन क्लस्टर) सेट अप के कार्यान्वयन हेतु भारत का पहला बैंक है। बैंक ने M9000 सर्वरों से सीबीएस डाटा बेस का नए स्पार्क सुपर क्लस्टर (M6-32) में सफलतापूर्वक स्थानांतरण किया है। यह कार्यान्वयन भविष्य में आपके बैंक को लागत बचत के लिए सहायता करेगा तथा विभिन्न परिचालनगत लाभों की सुविधा प्रदान करेगा। वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान इस क्षेत्र में एक अन्य गतिविधि हुई वह जीरो डाटा लॉस सेंटर (जेडडीएलसी) का कार्य करना था जो डाटा बचाव की तीसरी लाइन थी। यह महत्वपूर्ण लेनदेन के लिए शून्य डेटा हानि सुनिश्चित करेगा जिससे परिचालन जोखिम, प्रतिष्ठा जोखिम कम करने और हितधारकों के विश्वास को बढ़ाने के लिए पीएनबी को मदद मिलेगी। आपके बैंक ने **''पीएनबी एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई)''** को शुरु करने की प्रक्रिया में है जो मोबाइल एप के माध्यम से निधि अंतरण करने, लेन–देन करने हेतु अन्य बैंकों के साथ खोले गए उन खातों सहित समस्त खातों को लिंक करने की अनुमति देगा तथा वैकल्पिक पीओएस और नकदी हस्तांतरण के रूप में मोबाइल एप के माध्यम से लेनदेन को आकर्षित करने हेतु व्यापारियों को सुविधा प्रदान करेगा। ये प्रयास ग्राहकों के विश्वास को और भी मजबूत करेंगे जो बैंक की चिरस्थायी सफल कहानी को प्रेरित करना जारी रखेगा।

better align with changing customers' expectations, your Bank embarked on a digital transformation to become **'Digital PNB'**. The Bank welcomed the New Year 2016 with bucket full of innovative digital products and services to make banking experience more pleasurable, more convenient and more rewarding. The digital solutions launched include the unique App enabling the customer not only to locate PNB's ATMs but also to lodge complaints related to ATMs with **'PNB ATM Assist'**. Other mobile apps are **'PNB MobiEase'** to provide single touch banking, **'PNB Sleep Easy'** to disable and re-enable Internet Banking and Mobile Banking password and **'Green PIN'** to enable customers obtain duplicate PIN for debit card instantly through SMS request. The Bank has also introduced the facility to register for **Mobile Banking through vast network of over 9000 ATMs**. Today, your Bank has a suite of digital products and services with the best of the industry comparable features.

In today's digital world where customers enjoy the benefits of banking at their fingertips, your Bank has introduced **Online PPF and RD account opening facility**. Apart from this, the Bank has also launched **online booking of locker facility** anywhere in India through the corporate website. Through the **"Book your Locker-Anywhere in India"** initiative, customers can search for vacant locker position - city wise, branch wise and register online for the same anywhere in India in case of availability. During FY'16, your Bank has also made official debut on the social networking sites i.e., Twitter and LinkedIn, with an aim of strengthening **"Brand PNB"** on social media and to engage with customers in a cost efficient manner. Going forward, Your Bank endeavours to provide customers with the opportunity to experience the best of futuristic banking through an array of innovative features and services.

In an effort to achieve operational excellence, your Bank has become the first bank in India to implement 4 node active RAC (Real Application Cluster) setup. The Bank has successfully migrated the CBS Data Base from M9000 servers to new Sparc Super Cluster (M6-32) servers. This implementation will help your Bank in future cost savings and provide various operational benefits. Another development that took place in this area during FY16 was functioning of Zero Data Loss Centre (ZDLC) which is the third line of data defense. This will ensure zero data loss for critical transactions, thereby helping PNB to quell operation risk, reputation risk and enhance stakeholders' confidence. Your Bank is in process of introducing **'PNB Unified Payments Interface (UPI)'** which will allow fund transfer via. Mobile App, link all accounts including those opened with other banks for making transactions and facilitate merchants to pull the transactions through Mobile App as an alternate POS & cash transfer. These endeavors will invigorate customers' trust which continues to inspire the Bank's enduring success story.

सामाजिक बैंकिंग : प्रतिबद्धताओं को पूरा करना तथा भरोसे का निर्माण

आपका बैंक देश के आर्थिक विकास के साथ–साथ सामाजिक विकास हेतु भागीदारी में हमेशा से सबसे आगे रहा है। बैंक ने सामाजिक उत्तार–चढ़ाव तथा लक्षित क्षेत्र के वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में अपनी प्रतिबद्धताओं को सक्रिय रूप से पूरा किया है। यह इस तथ्य से प्रमाणित होता है कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) खातों के माध्यम से **संगृहीत जमा राशियों में समस्त बैंकों के मध्य पीएनबी को प्रथम बैंक** के रूप में घोषित किया है। 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार पीएनबी ने 130 लाख खाते खोले एवं ₹ 1621 करोड संग्रह किए। बैंक ने 98 लाख रुपे कार्ड भी जारी किए। ऐसे ग्राहकों को कार्ड आधारित लेन–देन उपलब्ध करने हेतु कारोबार प्रतिनिधि स्थानों पर माइक्रो एटीएम की शुरुआत की। **आपका बैंक कारोबार प्रतिनिधि स्थानों में रुपे, आधार आधारित एवं अन्य एफआई लेन–देन के साथ माइक्रो एटीएम की शुरुआत करने वाला पहला बैंक है।** ये प्रयास 'भारतीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के चैम्बर (सीआईएसएमई)' द्वारा 'पीएमजेडीवाई के लिए श्रेष्ठ बैंक पुरस्कार' श्रेणी के अंतर्गत "बैंकिंग उत्कृष्टता पुरस्कार 2015" को प्राप्त करने में सहायक रहे हैं।

देश भर में वित्तीय जागरूकता फैलाने हेतु आपके बैंक ने **'वित्तीय जन चेतना अभियान'** की शुरुआत की। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री जन धन योजना, अटल पेंशन योजना, मुद्रा ऋण, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना और प्रधानमंत्री जन सुरक्षा योजना के प्रति जागरूकता पैदा करने पर भी जोर देगा।

महिलाओं के विकास हेतु बैंक ने नई योजनाओं यथा **पीएनबी वनिता वित्तपोषण योजना, पीएनबी पॉवर राइड, पीएनबी पॉवर सेविंग और महिला कौशल विकास योजना** का गठन किया है। वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान आपके बैंक ने 32 **'अक्षया'** शाखाएं शुरू की जिनका प्रबंधन विशेषरूप से महिलाओं द्वारा केवल महिला ग्राहकों के लिए किया जाता है।

मानव संसाधन विकास

आपके बैंक ने कर्मचारियों की क्षमता में निवेश करना जारी रखा है। इस दिशा में बैंक **'पीएनबी यूनीव'** नाम से ई–लर्निंग प्लेटफोर्म आधारित एक नई मोबाइल एप के शुभारम्भ कर अपनी मानवपूंजी को सशक्त बनाने हेतु प्रौद्योगिकी का लाभ उठा रहा है। यह डेस्कटॉप या लैपटॉप के माध्यम से वेब आधारित पहुँच के अतिरिक्त समस्त प्रमुख मोबाइल प्लेटफार्मों पर उपलब्ध होगा। यह सीधे ही पाम टॉप पर गुणवत्तापूर्ण पाठ्यक्रम तथा उच्च गुणवत्तापूर्ण 24X7 प्रशिक्षण हेतु एक तीव्र पहुँच उपलब्ध कराएगा।

नवनियुक्त युवाओं, ऊर्जावान और तकनीक की समझ रखने वाले कर्मचारियों की पूरी क्षमता को उभारने हेतु बैंक ने **"पीएनबी नवोदय"** शीर्षक से एक ऑन–बोर्डिंग और मेंटरिंग कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह कार्यक्रम बैंक की गतिविधियों के प्रति कर्मचारियों के कार्य करने की क्षमता को सही दिशा देने में सहायता करेगा तथा उन्हें कारोबार के विकास और संगठनात्मक लक्ष्य के लिए ब्रांड एम्बेसडर में बदलेगा।

पुरस्कार

आपके बैंक ने अलग–अलग क्षेत्रों में कई पुरस्कार एवं सम्मान अर्जित किए हैं। उनमें से कुछ नाम इस प्रकार हैं, बिजनेस वर्ल्ड द्वारा पीएनबी को "सबसे सम्मानित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक" के रूप में घोषित किया गया था।

Social Banking: Meeting Commitments and Building Trust

Your Bank has always been in the forefront in partnering the economic as well as social development of the country. The Bank has proactively met its commitments towards social upliftment and financial empowerment of the targeted segments. This is evident from the fact that Ministry of Finance, Government of India, has declared **PNB as first among all banks in deposit mobilized** through Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana (PMJDY) accounts. PNB has opened 130 lakh accounts and mobilized ₹ 1621 crore as on 31st March'16. The Bank has also issued around 98 lakh RuPay debit cards. To provide card based transactions services to such customers, Micro ATMs have been introduced at Business Correspondent locations. **Your Bank is the first bank to deploy Micro-ATMs with RuPay, Aadhaar based & other FI Transactions at BC locations**. These efforts have helped the Bank to bag 'Banking Excellence Awards 2015' under the category of 'Best Bank Award for PMJDY (Large Bank)' by Chamber of Indian Micro Small & Medium Enterprises (CIMSME).

To spread financial awareness across the length and breadth of the country, your Bank flagged off **'Vitiya Jan Chetna Abhiyan'**. This program will also emphasize on creating awareness about the Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana, Atal Pension Yojana, Mudra Loans, Pradhan Mantri Jeewan Jyoti Yojana and Pradhan Mantri Jan Suraksha Yojana.

For women development, the Bank has formulated new schemes i.e., **PNB Vanita financing scheme, PNB PoWer Ride, PNB PoWer Savings** and **Mahila Kaushal Vikas Yojna**. During FY'16, your Bank has inaugurated 32 **'Akshaya'** branches, which are managed exclusively by women for the women customers only.

Human Resources Development

Your Bank continued to invest in developing employees' competence. Towards this, the Bank is leveraging technology to empower its Human Capital with the launch of new Mobile App based e-Learning Platform named **'PNB Univ'**. It is available on all major Mobile Platforms, besides web based access through Desktop or Laptop to provide a quick access to quality curriculum and high quality training 24x7 right on the palm top.

To unleash the full potential of the newly recruited young, energetic and tech-savvy employees, the Bank has initiated an On-boarding & Mentoring Program titled **"PNB Navodaya"**. This program will help to channelize employees' energies towards the Bank's development and transform them into brand ambassadors for the business growth and organizational goal.

Recognitions

Your Bank has earned many awards and accolades in different areas. To name a few, PNB was adjudged as the "Most Respected Public Sector Bank' by Businessworld. Amongst

राष्ट्रीयकृत बैंकों के मध्य ट्रस्ट रिसर्च एडवाइजरी द्वारा शुरू की गई 'द ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट 2016' के अनुसार पीएनबी भारत के सर्वाधिक विश्वसनीय ब्रांड के चार्ट में शीर्ष पर है। वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान आपके बैंक को प्राप्त प्रमुख पुरस्कार इंस्टीट्यूट ऑफ डाइरेक्टर्स द्वारा 'गोल्डन पीकॉक नेशनल ट्रेनिंग अवार्ड 2016' और एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप द्वारा 'एग्रीकल्चर लीडरशिप अवार्ड 2015' हैं।

आगे की राह

उपभोग की मांग को प्रोत्साहित करने तथा सुधारात्मक उपायों के कार्यान्वयन के साथ सामान्य मानसून की सम्भावना को मानते हुए वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान देश के जीवीए में हुई वृद्धि के 2017 में धीरे–धीरे मजबूत होने की सम्भावना है। विनियामक ने वित्तीय वर्ष 2017 हेतु 7.6% जीवीए वृद्धि का अनुमान लगाया है। इसके अतिरिक्त, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के विश्व आर्थिक परिदृश्य के अनुसार, ऐसे समय में जब वैश्विक विकास को बढ़ रही नकारात्मक जोखिमों का सामना करना पड़ रहा है तब भारत 7.5% पर बढ़ते हुए 2016–17 में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है।

देश के आशावादी बृहत आर्थिक दृष्टिकोण पर विचार करते हुए आपका बैंक मुख्य रूप से दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान तथा अपनी बैलेंस शीट को क्लीन करने के लिए वसूली प्रयासों में तेजी लाने पर ध्यान केन्द्रित करेगा। इसके अतिरिक्त, आपका बैंक हितधारकों को दीर्घकालिक मूल्य देने हेतु मुनाफे में वृद्धि को बढ़ाने के लिए अपने कारोबार मॉडल के साथ तालमेल बिठाना जारी रखेगा। बैंक अपनी रणनीति **"रिटेल पीएनबी – डिजिटल पीएनबी"** के प्रति प्रतिबद्ध रहेगा जिसमें कम लागत वाली जमाराशियों का संग्रहण करने तथा कम राशि वाली जमाराशियों की हिस्सेदारी को बढ़ाने से प्रौद्योगिकी द्वारा सशक्त कारोबार में सफलतापूर्वक वृद्धि होगी। बैंक अपने कारोबार वृद्धि को बढ़ावा देने हेतु स्वयं को अच्छी तरह से पूंजीकृत रखने पर ध्यान देगा।

अंत में, मैं समस्त हितधारकों–ग्राहकों, शेयरधारकों, निदेशकों तथा कर्मचारियों को बाजार में बैंक की स्थिति को मजबूत करने हेतु उनके लगातार समर्थन, अटूट विश्वास और अथक प्रयास के लिए आभार व्यक्त करती हूँ। मैं आश्वासन देती हूँ कि आपका बैंक समस्त हितधारकों के लिए मूल्य को बढ़ाने हेतु हमेशा प्रतिबद्ध रहेगा।

भवदीया,

(उषा अनंतसुब्रह्मण्यन)
प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

nationalized banks, PNB topped the chart of India's Most Trusted Brand as per 'The Brand Trust Report 2016' launched by Trust Research Advisory. The major awards conferred upon your Bank during FY'16 are 'Golden Peacock National Training Award 2016' by Institute of Directors and 'Agriculture Leadership Award 2015' by Agriculture Today Group.

Looking Ahead

The growth in GVA of the country during FY'16 is expected to strengthen gradually in FY'17 assuming a normal monsoon, likely boost to consumption demand and implementation of reform measures. The Regulator has projected GVA growth at 7.6% for FY'17. Further, as per International Monetary Fund's World Economic Outlook, India will be the fastest growing major economy in 2016-17 growing at 7.5%, at a time when global growth is facing increasing downside risks.

Considering the optimistic macroeconomic outlook of the country, your Bank will primarily focus on resolution of stressed assets and accelerate its recovery efforts to clean up its balance sheet. Apart from this, your Bank will continue to align its business model in order to augment profitable growth to deliver long term value to the stakeholders. The Bank also remains committed to its strategy of **"Retail PNB – Digital PNB"** wherein mobilizing low cost deposits and increasing the share of small ticket advances will drive business growth successfully powered by technology. The Bank will also focus on keeping itself well capitalized to nourish its business growth.

In closing, I extend my gratitude to all the stakeholders – Customers, Shareholders, Directors and Employees for their persistent support, unwavering trust and tireless efforts to strengthen the market position of the Bank. I assure that your Bank will continue to remain committed to enhance value for all the stakeholders.

Yours sincerely,

(Usha Ananthasubramanian)
Managing Director & CEO

निदेशक मंडल | Board of Directors

उषा अनंतसुब्रह्मण्यन
Usha Ananthasubramanian

के.वीरा ब्रह्माजी राव
K.Veera Brahmaji Rao

डॉ. राम एस. संगापूरे
Dr. Ram S. Sangapure

राजेश अग्रवाल
Rajesh Aggarwal

डॉ रबी एन. मिश्रा
Dr. Rabi N. Mishra

दिलीप कुमार साहा
Dilip Kumar Saha

गौतम प्रेमनाथ खंडेलवाल
Gautam Premnath Khandelwal

हीरू मीरचन्दानी
Hiroo Mirchandani

राजिन्दर मोहन सिंह
Rajinder Mohan Singh

सुधीर नायर
Sudhir Nayar

लाला लाजपत राय
Lala Lajpat Rai

प्रधान कार्यालय में शीर्ष कार्यपालकगण | Top Executives at Head Office

बाएं से दाएं (बैठे हुए) : श्रीमती कल्पना गुप्ता, श्री संजीव शरण, श्री जे.के. गुप्ता, श्री राजेश जिंदल, श्री जी.एस. गुसाई, श्री राजीव रायजादा, श्री एच.के. पारीख, श्री एस.के. मोहंती, श्री भूपिन्दर सिंह पासी, श्री सतीश के. नागपाल, श्री के.वी. ब्रह्माजी राव, श्रीमती उषा अनंतसुब्रह्मण्यन, डॉ. राम एस. संगापूरे, श्री हरिकांत राय, श्री एम.के. पांगती, श्री एस.के. कौशिक, श्री अशोक गुप्ता, श्री अशोक अनेजा, श्री धनेश्वर साहू, श्री एन.के. अरोड़ा, श्रीमती टी. लता।

Left to Right (Sitting) : Smt. Kalpana Gupta, Shri Sanjiv Sharan, Shri J.K. Gupta, Shri Rajesh Jindal, Shri G.S. Gusain, Shri Rajeev Raizada, Shri H.K. Parikh, Shri S.K. Mohanty, Shri Bhupinder Singh Passi, Shri Satish K.Nagpal, Shri K.V. Brahmaji Rao, Smt. Usha Ananthasubramanian, Dr. Ram. S. Sangapure, Shri Harikant Rai, Shri M.K. Pangtey, Shri S.K. Kaushik, Shri Ashok Gupta, Shri Ashok Aneja, Shri Dhaneshwar Sahoo, Shri N.K. Arora, Smt. T. Latha.

बाएं से दाएं (खड़े हुए) : श्री पी.के. महापात्रा, श्री जी.एस. गढ़ोक, श्री विवेक झा, श्री एस.के. वधवा, डॉ. आर.के. यदुवंशी, श्री ए.एम. तिवारी, श्री नवीन कुमार, श्री एस.के. बहल, श्री वी. पी. जैन, श्री आलोक श्रीवास्तव, श्री एन.के. सिंघल, श्री एल.के. मल्होत्रा, श्री राकेश गुप्ता, श्री एम.आर. बिश्वाल, श्री अश्विनी वत्स, श्री बी.एम. पाधा, श्री उमेश जैन, श्री ए.के. दरगन, श्री एस ए आर जैदी, श्री वेद माथुर, श्री विनोद जोशी, श्री हिमांशु जोशी, श्री डी.के. जैन, श्री राकेश कुमार।

Left to Right (Standing) : Shri P.K. Mohapatra, Shri G.S. Gandhok, Shri Vivek Jha, Shri S.K. Wadhwa, Dr.R.K. Yaduvanshi, Shri A.M. Tiwari, Shri Naveen Kumar, Shri S.K. Bahal, Shri V.P. Jain, Shri Alok Srivastava, Shri N.K. Singhal, Shri L.K. Malhotra, Shri Rakesh Gupta, Shri M.R. Biswal, Shri Ashwini Vats, Shri B.M. Padha, Shri Umesh Jain, Shri A.K. Dargan, Shri SAR Zaidi, Shri Ved Mathur, Shri Vinod Joshi, Shri Himanshu Joshi, Shri D.K. Jain, Shri Rakesh Kumar.

महाप्रबंधक-ओवरसीज़ | General Manager-Overseas

अंतनु दास
Antanu Das